# Paper : Hindi-Litreture

Ques # :1

**अपभ्रंश की उत्तर कालीन अवस्था का नाम है -**

1) संस्कृत

2) प्राकृत

3) पालि

4) अवहट्ठ

Ques # :2

**सिन्धी भाषा का जन्म किस अपभ्रंश से हुआ ?**

1) शौरसेनी अपभ्रंश से

2) मागधी अपभ्रंश से

3) अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से

4) ब्राचड़ अपभ्रंश से

Ques # :3

**चन्द्रधर शर्मा "गुलेरी" ने साहित्यिक अपभ्रंश को किस नाम से पुकारा है -**

1) अवहट्ठ

2) पुरानी हिंदी

3) अपभ्रष्ट

4) देसी भाषा

Ques # :4

**निम्नलिखित में से कौन सी रचना अपभ्रंश भाषा की नहीं है -**

1) पउम चरिउ

2) पाहुड़ दोहा

3) भविसयत्त कहा

4) चित्रावली

Ques # :5

**संविधान के किस अनुच्छेद में संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और देवनागरी लिपि को मान्यता दी गई -**

1) 373
2) 347
3) 343
4) 350

Ques # :6

**निम्नलिखित में से मानक हिंदी का आदर्श एवं मानक क्षेत्र है -**

1) हरियाणा

2) मेरठ

3) दिल्ली

4) हिमाचल प्रदेश

Ques # :7

**निम्नलिखित में से कौन अवधी भाषा का कवि नहीं है -**

1) जायसी

2) कुतुबन

3) उसमान

4) नन्ददास

Ques # :8

**डॉ. ग्रियर्सन ने किस भाषा को अन्तर्वेदी का नाम दिया है -**

1) राजस्थानी

2) ब्रजभाषा

3) अवधी

4) छत्तीसगढ़ी

TEACHERS adda247

Ques # :9

**हिन्दी और उर्दू के बीच की सरल भाषा कहलाती है -**

1) हिन्दुस्तानी

2) हिन्दुई

3) रेख़्ता

4) दक्खिनी

Ques # :10

**दक्षिणी राजस्थानी की प्रतिनिधि बोली है -**

1) मारवाड़ी

2) मेवाती

3) मालवी

4) हाड़ौती

Ques # :11

**निम्नलिखित में से पश्चिमी हिन्दी की बोली कौन सी नहीं है -**

1) खड़ी बोली

2) ब्रजभाषा

3) कन्नौजी

4) बघेली

---

Ques # :12

**अपभ्रंश एवं ब्रजभाषा के योग से कौन सी भाषा बनती है ?**

1) पिंगल

2) डिंगल

3) अवधी

4) अवहट्ठ

---

Ques # :13

**निम्न में से कौन सा हाड़ौती बोली का क्षेत्र नहीं है -**

1) कोटा

2) बूंदी

3) धौलपुर

4) झालावाड़

TEACHERS adda247

---

Ques # :14

**कौरवी का सम्बन्ध किस उपभाषा से है -**

1) पश्चिमी हिन्दी

2) पूर्वी हिन्दी

3) राजस्थानी

4) बिहारी

---

Ques # :15

**देवनागरी लिपि का विकास किस प्राचीन लिपि से हुआ ?**

1) कीलाक्षर

2) खरोष्ठी

3) कुटिल

4) रोमन

---

Ques # :16

**"उच्छिष्ट" शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा -**

1) उत् + शिष्ट

2) उत + चिष्ट

3) उद् + चिष्ट

4) उद + शिष्ट

---

Ques # :17

**निम्नलिखित में व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है -**

1) वाङ्मय

2) उच्छृंखल

3) सृष्टि

4) पुरस्कार

---

Ques # :18

**निम्नलिखित में कौन सा पद बहुव्रीहि समास का उदाहरण है -**

1) मुरारि

2) नीलगगन

3) आजन्म

4) त्रिभुवन

TEACHERS adda247

---

Ques # :19

**कौन सा शब्द "अभि" उपसर्ग से निर्मित नहीं है ?**

1) अभिशाप

2) अभिभाषण

3) अभिमान

4) अभिन्नता

---

Ques # :20

**निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय रहित शब्द है -**

1) सैंधव

2) यादव

3) किताब

4) दैत्य

---

Ques # :21

**निम्न में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिये -**

1) जो मनुष्य विद्वान होता है , उसका सभी सम्मान करते हैं |

2) जो परिश्रम करता है , वही आगे बढ़ता है |

3) मैं कश्मीर गया था और वहाँ से फल ले आया |

4) सेठ जानता है कि नौकर ईमानदार है |

---

Ques # :22

**वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है ?**

1) अन्ताक्षरि

2) सौन्दर्यता

3) आशिर्वाद

4) संन्यास

---

Ques # :23

**निम्नलिखित में से कौन - सा शब्द अशुद्ध है ?**

1) पूज्यनीय

2) व्यावहारिक

3) उपर्युक्त

4) मिष्टान्न

---

Ques # :24

**निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?**

1) लघूत्तर

2) अनुगृहित

3) लब्धप्रतिष्ठित

4) अभिष्ट

---

Ques # :25

**"रमणीयार्थप्रतिपादक: शब्द: काव्यम्" उक्ति किस आचार्य की है -**

1) विश्वनाथ

2) मम्मट

3) भामह

4) पंडितराज जगन्नाथ

---

Ques # :26

**आचार्य दण्डी ने काव्य-हेतु किसे माना है -**

1) निपुणता

2) प्रतिभा

TEACHERS adda247

3) जीवनेच्छा

4) प्रतिभा , शास्त्र ज्ञान , अभ्यास

---

Ques # :27

**कौन से आचार्य ने चतुर्वर्ग की प्राप्ति को काव्य का प्रयोजन माना है ?**

1) भामह

2) वामन

3) आनन्दवर्धन

4) कुन्तक

---

Ques # :28

**जिस काव्य में केवल किसी एक घटना या अनुभूति का सरस वर्णन होता है , वह कहलाता है -**

1) गद्यगीत

2) महाकाव्य

3) खण्डकाव्य

4) गीति नाट्य

---

TEACHERS adda247

Ques # :29

**भारतीय काव्यशास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ है -**

1) नाट्यशास्त्र

2) काव्यालंकार

3) ध्वन्यालोक

4) काव्यादर्श

---

Ques # :30

**"काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है जिसका सम्बन्ध विश्लेषण , विकल्प या विज्ञान से नहीं है | वह एक श्रेयमयी प्रेय रचनात्मक ज्ञानधारा है |" यह कथन किसका है -**

1) महादेवी वर्मा

2) जयशंकर प्रसाद

3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

4) डॉ. नगेन्द्र

---

Ques # :31

**"काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् - प्रचक्षते | " उक्त कथन किसका है ?**

1) भामह

2) मम्मट

3) दण्डी

4) वामन

Ques # :32

**"ध्वन्यालोक" ग्रन्थ के रचयिता हैं -**

1) वामन

2) आनन्दवर्धन

3) भामह

4) पंडितराज जगन्नाथ

Ques # :33

**"रसगंगाधर" ग्रन्थ के रचयिता हैं -**

1) विश्वनाथ

2) भरतमुनि

3) मम्मट

4) पंडितराज जगन्नाथ

Ques # :34

TEACHERS adda247

**निम्न में से कौन सा वक्रोक्ति का भेद नहीं है -**

1) वर्ण विन्यास वक्रता

2) पद पूर्वार्द्ध वक्रता

3) प्रबंध वक्रता

4) शब्द वक्रता

Ques # :35

**किस आचार्य ने शब्दालंकारों को अधम काव्य, अर्थालंकारों को मध्यम काव्य तथा गुणीभूत व्यंग्य और ध्वनि को क्रमश: उत्तम और उत्तमोत्तम कहा है ?**

1) मम्मट

2) विश्वनाथ

3) भामह

4) आनन्दवर्धन

Ques # :36

**निम्नलिखित में से डॉ. नगेन्द्र का ग्रन्थ कौनसा है ?**

1) रस मीमांसा

2) रस सिद्धांत

3) रसज्ञ रंजन

4)

साहित्य दर्पण

---

Ques # :37

**ध्वनि के त्रिविध प्रकार निम्न में से कौनसे हैं ?**

1) वस्तु , अलंकार और रस

2) भाव , कल्पना और अलंकार

3) अलंकार , रस और कल्पना

4) बुद्धि , भाव और अलंकार

---

Ques # :38

**अभिनवगुप्त का रसनिष्पत्ति विषयक मत कहलाता है -**

1) अनुमितिवाद

2) अभिव्यक्तिवाद

3) उत्पत्तिवाद

4) भुक्तिवाद

---

Ques # :39

**आश्रय की वे सूक्ष्म मानसिक क्रियायें , जो स्वयं उत्पन्न होती हैं , चाहने पर भी रोकी नहीं जा सकती , कहलाती हैं -**

1) कायिक अनुभाव

2) सात्त्विक अनुभाव

3) वाचिक अनुभाव

4) आहार्य अनुभाव

TEACHERS adda247

---

Ques # :40

**"भावकत्वं साधारणीकरणं" की उक्त परिभाषा किसकी है -**

1) आचार्य शंकुक

2) भट्ट नायक

3) अभिनवगुप्त

4) भट्ट लोल्लट

---

Ques # :41

**"चित्र-तुरंग-न्याय" की अवधारणा का उपयोग किस आचार्य ने रसनिष्पत्ति की व्याख्या में किया है ?**

1) भट्ट नायक

2) भरतमुनि

3) शंकुक

4) भट्ट लोल्लट

Ques # :42

**आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार साधारणीकरण किसका होता है ?**

1) कवि की अनुभूति का

2) सहृदय सामाजिक के चित्त्त का

3) आलम्बन धर्म का

4) विभावादि का

Ques # :43

**"हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती , स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती | " उपर्युक्त पंक्तियों में कौनसा रस है ?**

1) भयानक रस

2) वीर रस

3) अद्भुत रस

4) वीमत्स रस

Ques # :44

**आश्रय की वे चेष्टाएँ , जिनसे उसके हृदयगत भावों की सूचना प्राप्त हो , क्या कहलाती हैं ?**

1) विभाव

2) अनुभाव

3) संचारी भाव

4) स्थायी भाव

TEACHERS adda247

Ques # :45

**"तू दयालु दीन हौं तू दानि , हौं भिखारी | हौं प्रसिद्ध पातकी , तू पाप - पुंज हारी II " उपर्युक्त पंक्तियों में कौनसा रस है ?**

1) अद्भुत रस

2) शांत रस

3) भक्ति रस

4) करुण रस

Ques # :46

**"सौन्दर्यमलंकार:" उक्ति किस आचार्य की है ?**

1) भामह

2) वामन

3) मम्मट

4) रुय्यक

Ques # :47

**रुय्यक किस ग्रन्थ के रचयिता हैं ?**

1) काव्यालंकार

2) अलंकार सर्वस्व

3) कुवलयानंद

4) काव्यादर्श

---

Ques # :48

**निम्नलिखित में से उपमा अलंकार किस पंक्ति में है ?**

1) तट तमाल तरुवर बहु छाये |

2) मानहुं मदन दुंदभी दीन्ही |

3) हे उत्तरा के धन रहो , तुम उत्तरा के पास ही |

4) हँसने लगे तब हरि अहा ! पूर्णेन्दु - सा मुख खिल गया |

---

Ques # :49

**"अँसुवन जल सींचि - सींचि प्रेम - बेलि बोई | अब तो बेलि फैल गई , आणद फल होई ||" इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है -**

1) उपमा

2) उत्प्रेक्षा

3) रूपक

4) अन्योक्ति

TEACHERS adda247

---

Ques # :50

**जहाँ प्रशंसा के बहाने निन्दा की जाय अथवा निन्दा के बहाने प्रशंसा की जाय , वहां कौन सा अलंकार होता है ?**

1) प्रतीप

2) अर्थान्तरन्यास

3) असंगति

4) ब्याज स्तुति

---

Ques # :51

**किस अलंकार में वाच्यार्थ गौण और व्यंग्यार्थ प्रधान होता है ?**

1) वक्रोक्ति

2) समासोक्ति

3) अन्योक्ति

4) अतिशयोक्ति

---

Ques # :52

**"नीकि पै फीकी लगे , बिन अवसर की बात | जैसे बरनत जुद्ध में , नहिं सिंगार सुहात || उक्त पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है -**

1) अन्योक्ति

2) दृष्टांत

3) उदाहरण

4) उपमा

---

Ques # :53

**निम्न में से विभावना अलंकार किस पंक्ति में है ?**

1) "तंत्री-नाद , कवित्त - रस , सरस - राग , रति - रंग | अन - बूड़े बूड़े , तरे जे , बूड़ेसब अंग ||"

2) "मुनि तापस जिन तें दुख लहहीं | ते नरेस बिनु पावक दहहीं ||"

3) "अवधेस के बालक चारि सदा | तुलसी मन - मंदिर में बिहरैं ||"

4) "नर की अरु नल - नीर की , गति एकै करि जोइ | जेतौ नीचो ह्वै चले , तेतौ ऊंचौ होइ ||"

---

Ques # :54

**" कंकन किंकिन नूपुर धुनि सुनि | कहत लषन सन राम ह्रदय गुनि || " उक्त पंक्तियों में प्रयुक्त छंद का नाम बताइये -**

1) रोला

2) दोहा

3) चौपाई

4) सोरठा

TEACHERS adda 247

---

Ques # :55

**किस छंद के प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ और ग्यारह और तेरह मात्राओं पर यति होती है ?**

1) रोला

2) हरिगीतिका

3) गीतिका

4) छप्पय

---

Ques # :56

**" या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं | आठहुँ सिद्धि नवों निधि को सुख नन्द की गाय चराय बिसारौं || इन पंक्तियों में कौन-सा छन्द है -**

1) दोहा

2) सोरठा

3) कवित्त

4) सवैया

---

Ques # :57

**इकत्तीस या इससे अधिक वर्णों के चरण वाला छंद कहलाता है -**

1)

मंदाक्रांता

2) बसंततिलका

3) कवित्त

4) सवैया

---

Ques # :58

**"इस तन का दीवा करौं , बाती मेलौं जीव | लोही सींचों तेल ज्यौं , तब मुख देखौं पीव ||" प्रस्तुत उदाहरण किस छन्द का है -**

1) चौपाई

2) रोला

3) दोहा

4) गीतिका

---

Ques # :59

**"चिरजीवौ जोरी जुरे , क्यों न सनेह गम्भीर | को घटि ये वृषभानुजा , वे हलधर के वीर ||" इन पंक्तियों में व्यंजना का कौनसा भेद मिलता है ?**

1) शाब्दी व्यंजना

2) आर्थी व्यंजना

3) रस व्यंजना

4) वस्तु व्यंजना

TEACHERS adda247

---

Ques # :60

**कविता और छन्द में घनिष्ठ सम्बन्ध है | कविता हमारे प्राणों का संगीत है ; छन्द हृदय कम्पन ; कविता का स्वभाव ही छन्द में लयमान होता है |" उक्त कथन किसका है ?**

1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

2) डॉ. नगेन्द्र

3) महादेवी वर्मा

4) सुमित्रानंदन पंत

---

Ques # :61

**"छन्दशास्त्र" ग्रन्थ के रचयिता हैं -**

1) क्षेमेंद्र

2) वेद व्यास

3) पिंगल

4) वाल्मीकि

---

Ques # :62

**भारतीय काव्यशास्त्र में "अनुकरण" शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग मिलता है -**

1) रामायण में

2) नाट्यशास्त्र में

3) अष्टाध्यायी में

4) साहित्यदर्पण में

---

Ques # :63

**गुरु - शिष्य परम्परा का सही अनुक्रम छांटिये -**

1) प्लेटो - अरस्तू - सिकन्दर

2) सिकन्दर - प्लेटो - अरस्तू

3) प्लेटो - सिकन्दर - अरस्तू

4) अरस्तू - प्लेटो - सिकन्दर

---

Ques # :64

**निम्न में से कौन सी प्लेटो की रचना नहीं है -**

1) पेरिपोइतिकेस

2) इओन

3) रिपब्लिक

4) पोलितेइया

---

TEACHERS adda247

Ques # :65

**अरस्तू का काव्यालोचन ग्रन्थ कौन सा है ?**

1) पेरिपोइतिकेस

2) पेरिइप्सुस

3) प्रोलितेरियन

4) बायोग्राफिया लिटरेरिया

---

Ques # :66

**"ट्रैजेडी का लेखक हमारे विवेक को नष्ट कर हमारी वासनाओं को जाग्रत करता है , उनका पोषण करता है | अत: काव्य का सत्य वास्तविक सत्य नहीं होता |" यह कथन है -**

1) अरस्तू

2) कॉलरिज

3) प्लेटो

4) लोंजाइनस

---

Ques # :67

**अरस्तू के "अनुकरण" सिद्धांत में "अनुकरण" का आशय है -**

1) प्रकृति की नकल

2) पुन: सर्जन

3) नकल

4) वस्तुपरक अंकन

---

Ques # :68

**"काव्य को प्रकृति की अनुकृति" किसने माना है ?**

1) अरस्तू

2) प्लेटो

3) इलियट

4) वर्ड्सवर्थ

---

Ques # :69

**"चित्रकार अथवा किसी अन्य कलाकार की ही तरह कवि भी अनुकर्ता है" - कथन है -**

1) रिचर्ड्स

2) प्लेटो

3) अरस्तू

4) इलियट

---

Ques # :70

**निम्नलिखित दार्शनिकों के विचारों में से कौनसा विचार असंगत है -**

1) प्लेटो - बौद्धिक आनन्द को स्वीकार किया है , ऐन्द्रिक को नहीं |

2) अरस्तू - प्राकृतिक पदार्थ परमात्मा द्वारा उद्भूत हैं |

3) क्रोंचे - कविता सौन्दर्य के माध्यम से तात्कालिक आनन्दोद्रेक के लिए भावों को उद्वेलित करती है |

4) लोंजाइनस - साहित्य का सम्बन्ध तर्क से नहीं , कल्पना द्वारा पाठक को अभिभूत करता है |

---

Ques # :71

**अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत में किसकी उपेक्षा मिलती है ?**

1) कल्पना की

2) कवि की अन्तश्चेतना की

3) कवि कर्म की

4) कवि-कौशल की

---

Ques # :72

**आई.ए. रिचर्ड्स की पुस्तक "प्रेक्टिकल क्रिटिसिज्म" में अर्थ का कौन सा प्रकार नहीं है ?**

1)

वाच्यार्थ

2) भाव

3) अभिप्राय

4) कला

---

Ques # :73

**टी.एस. इलियट ने अवैयक्तिक काव्य सिद्धांत का प्रतिपादन अपने कौन से निबंध में किया है ?**

1) ट्रेडिशन एंड इंडिविजुअल टैलेंट

2) द सेक्रड वुड

3) एब्सट्रेक्ट क्रिटिसिज्म

4) द परफेक्ट क्रिटिक

---

Ques # :74

**टी.एस. इलियट ने काव्य में कवि -व्यक्तित्व के स्थान पर स्थापित किया है -**

1) परम्परा और इतिहास बोध को

2) कल्पना को

3) अलंकार युक्त बिम्बों को

4) प्रौढ़ भाषा को

TEACHERS adda247

---

Ques # :75

**वर्ड्सवर्थ ने काव्य का प्रतिपाद्य माना है -**

1) जन साधारण का जनजीवन और प्रकृति को

2) पौराणिक कथा और ज्ञान को

3) नायक के चरित्र निर्माण को

4) ऐतिहासिक आख्यान को

---

Ques # :76

**"कल्पना मानव - मस्तिष्क की बिम्ब - विधायिनी शक्ति है |" यह कथन किसका है -**

1) क्रोचे

2) इलियट

3) वर्ड्सवर्थ

4) कॉलरिज

---

Ques # :77

**क्रोचे के अभिव्यंजना के चार स्तरों में से कौन सा स्तर असंगत है ?**

1) विचार

2) अन्त:संस्कार

3) अभिव्यंजना

4) आनुषंगिक आनन्द

---

Ques # :78

**लोंजाइनस के अनुसार इनमें से कौनसा शैलीगत दोष नहीं है -**

1) वालेयता

2) वागाडम्बर

3) भावाडम्बर

4) विपर्यय

---

Ques # :79

**मार्क्सवादी चिन्तन की परम्परा में कौनसा समीक्षक नहीं है ?**

1) लेनिन

2) गोर्की

3) कॉडवेल

4) लोरेन्स

---

Ques # :80

**संरचनावाद का जनक माना जाता है -**

1) प्लेटो

2) सास्यूर

3) अरस्तू

4) लेवीस्ट्रास

---

Ques # :81

**निम्नलिखित में से कौन मार्क्सवादी आलोचक है -**

1) डॉ. नगेन्द्र

2) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

3) डॉ. रामविलास शर्मा

4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

---

Ques # :82

**शैलीवैज्ञानिक आलोचना पद्धति कथ्य के बजाय किस पक्ष पर बल देती है ?**

1) अलंकारिता पर

2) भाव या रस पर

3) छन्दयोजना पर

TEACHERS adda247

4) रूप या शिल्प पर

---

Ques # :83

**देरिदा लेखन को किसका स्रोत मानते हैं ?**

1) दर्शन का

2) ज्ञान का

3) भावों का

4) तमाम सांस्कृतिक कर्म का

---

Ques # :84

**निम्न में से कौन उत्तर आधुनिकतावादी चिन्तक नहीं है -**

1) एफ.आर. लीविस

2) फ़्रांसुआ ल्योतार

3) बौद्रिआ

4) फ्रेडरिक जेमेसन

---

Ques # :85

**"उत्तर आधुनिकता" की संकल्पना हिन्दी की किस कहानी में मिलती है ?**

1) उदय प्रकाश की कहानी - "वारेन हेस्टिंग का सांड'

2) जयशंकर प्रसाद की कहानी - "ममता"

3) प्रेमचन्द्र की कहानी - "कफ़न"

4) जैनेन्द्र की कहानी - "एक गौ"

---

Ques # :86

**"पृथ्वीराज रासो" को प्रामाणिक रचना मानने वाले विद्वान हैं -**

1) डॉ. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

3) कविराज श्यामलदास

4) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या

---

Ques # :87

**"मनहुं कला ससभांन , कला सोलह सोबन्निय |" इस पंक्ति में रस है -**

1) वीर

2) शृंगार

3) भयानक

4) करुण

TEACHERS adda247

Ques # :88

**"पृथ्वीराज रासो" में कितने समय हैं -**

1) 59
2) 69
3) 79
4) 89

---

Ques # :89

**कबीर को "वाणी का डिक्टेटर" किसने कहा है ?**

1) महावीर प्रसाद द्विवेदी
2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
3) हजारी प्रसाद द्विवेदी
4) डॉ. नगेन्द्र

---

Ques # :90

**कबीर का हठयोग किस साहित्य से प्रभावित है -**

1) सिद्ध एवं नाथ साहित्य
2) जैन साहित्य
3) सूफी काव्य
4) अपभ्रंश साहित्य

TEACHERS adda247

---

Ques # :91

**"बिरह - भुवंगम तन बसै , मन्त्र न लागै कोइ | राम बियोगी ना जीवै , जिवै तो बौरा होइ ||" कबीर के इस पद में कौन सा अलंकार है ?**

1) उपमा
2) उत्प्रेक्षा
3) विभावना
4) रूपक

---

Ques # :92

**"कस्तूरी कुंडलि बसै , मृग ढूँढै बन माँहि |ऐसै घटि - घटि राम हैं , दुनियाँ देखैं नाँहि ||" प्रस्तुत पद में है -**

1) भावात्मक रहस्यवाद
2) शुद्धाद्वैतवाद
3) अद्वैतवाद
4) इनमें में से कोई नहीं

Ques # :93

**मीरांबाई की उपासना किस भाव की थी ?**

1) सख्य भाव

2) दास्य भाव

3) वात्सल्य भाव

4) माधुर्य भाव

Ques # :94

**"जहाँ बैठावे तित ही बैठूँ , बेचै तो बिक जाऊँ |" इस पंक्ति में मीरां का व्यक्त भाव है -**

1) उत्साह

2) हर्ष

3) समर्पण

4) क्षोभ

Ques # :95

**"मैं तो गिरधर के घर जाऊँ , गिरधर म्हारो सांचो प्रीतम , देखत रूप लुभाऊं |" इस पद में कौनसा काव्य गुण है ?**

1) माधुर्य

2) ओज

3) प्रसाद

4) इनमें में से कोई नहीं

TEACHERS adda 247

Ques # :96

**"भ्रमरगीत" प्रसंग का प्रतिपाद्य है -**

1) वात्सल्य रस का चित्रण

2) गोपियों का विरह वर्णन

3) सगुण भक्ति की महिमा व निर्गुण का खण्डन

4) कृष्ण की भक्ति

Ques # :97

**"भ्रमरगीत सूरसागर के भीतर का एक सार रत्न है |" यह कथन किसका है ?**

1) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

2) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी

3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

4) डॉ. नगेन्द्र

Ques # :98

**"सुफलक सुत" का अर्थ है -**

1) उद्धव

2) कृष्ण

3) अक्रूर

4) नन्द

---

Ques # :99

**"काहे को गोपीनाथ कहावत ?" इस पंक्ति में व्यक्त भाव है -**

1) क्षोभ

2) उत्सुकता

3) समर्पण

4) उपालम्भ

---

Ques # :100

**"हंस जो रहा सरीर महँ , पाँख जरा , गा भागि |" इस पंक्ति में "हंस" का अर्थ है -**

1) बुद्धि

2) हंस

3) पक्षी

4) जीव

---

Ques # :101

**निम्नांकित कवियों एवं उनके समक्ष अंकित पंक्तियों में से कौन सा युग्म असंगत है ?**

1) जायसी - "चढ़ा असाढ़ , गगन घन गाजा |"

2) सूरदास - "भज मन ! चरण - कँवल अविनासी |"

3) कबीर - "अंषड़ियाँ झाईं पड़ी , पंथ निहारि - निहारि |"

4) बिहारी - "अजौं तरयौना ही रह्यो , श्रुति सेवत इक - रंग |"

---

Ques # :102

**"पिउ - बियोग अस बाउर जीऊ" पंक्ति में "बाउर" शब्द का अर्थ है -**

1) विधवा

2) ग्रामीण स्त्री

3) पगली

4) रुग्ण स्त्री

---

Ques # :103

**"जो पै चेराई राम की करतो न लजातो |" पंक्ति में "चेराई" शब्द का अर्थ है -**

TEACHERS adda247

1) सेवा
2) चापलूसी
3) मोह
4) प्रेम

---

Ques # :104

**"भक्ति - रस का पूर्ण परिपाक जैसा 'विनयपत्रिका' में देखा जाता है , वैसा अन्यत्र नहीं |" यह कथन है -**

1) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
3) डॉ. नगेन्द्र
4) वियोगीहरि

---

Ques # :105

**निम्नलिखित में से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है -**

1) बरवै रामायण
2) वैराग्य संदीपनी
3) दोहावली
4) चित्रावली

---

Ques # :106

**निम्नांकित में से कौन रीति सिद्ध काव्यधारा का कवि है -**

1) केशव
2) चिन्तामणि
3) बिहारी
4) घनानंद

---

Ques # :107

**"नीकी दई अनाकनी , फीकी परी गुहारि | तज्यौ मनौ तारन - बिरदु , बारक बारनु तारि ||" बिहारी के इस दोहे में व्यक्त भाव है -**

1) शृंगार
2) नीति
3) भक्ति
4) प्रकृति-चित्रण

---

Ques # :108

**"तो पर वारौं उरबसी , सुनि राधिके सुजान | तू मोहन के उरबसी , है उरबसी - समान ||" प्रस्तुत दोहे में अलंकार है -**

1) श्लेष
2) रूपक

TEACHERS adda247

3) यमक

4) उपमा

---

Ques # :109

**"लोग हैं लागि कवित्त बनावत , मोहिं तौ मोर कवित्त कबित्त बनावत ||" यह पंक्ति किसकी है -**

1) बोधा

2) द्विजदेव

3) ठाकुर

4) घनानन्द

---

Ques # :110

**"वहै मुसक्यानि , वहै मृदु बतरानि , वहै लड़कीली बानि आनि उर में अरति हैं |" इन पंक्तियों में वियोग की कौन सी दशा है ?**

1) चिंता

2) स्मृति

3) प्रलाप

4) उन्माद

TEACHERS adda 247

---

Ques # :111

**निम्नलिखित में से कौन सी रचना घनानन्द की नहीं है ?**

1) इश्कलता

2) सुजान हित

3) वियोग - बेलि

4) रस विलास

---

Ques # :112

**"चंचल किशोर सुन्दरता की , मैं करती रहती रखवाली | मैं वह हलकी - सी मसलन हूँ , जो बनती कानों की लाली ||" उपर्युक्त काव्यांश में किसका वर्णन किया गया है ?**

1) श्रद्धा का

2) चिन्ता का

3) लज्जा का

4) आशा का

---

Ques # :113

**"ओ जीवन की मरु - मरीचिका , कायरता के अलस विषाद |" काव्यांश में किस भाव का उद्बोधन हुआ है -**

1) चिन्ता

2)

लज्जा

3) आनन्द

4) आशा

---

Ques # :114

**उज्ज्वल वरदान चेतना का , सौन्दर्य जिसे सब कहते हैं जिसमे अनन्त अभिलाषा के सपने सब जगते रहते हैं |" प्रस्तुत पंक्तियां "कामायनी" के किस सर्ग से उद्धृत हैं ?**

1) श्रद्धा सर्ग

2) लज्जा सर्ग

3) चिन्ता सर्ग

4) आशा सर्ग

---

Ques # :115

**"कामायनी" में "श्रद्धा" सर्ग क्रमानुसार किस क्रम पर है -**

1) प्रथम

2) द्वितीय

3) तृतीय

4) चतुर्थ

---

TEACHERS adda247

Ques # :116

**"कामायनी" का प्रकाशन वर्ष है -**

1) 1935

2) 1936

3) 1938

4) 1918

---

Ques # :117

**"वह एक और मनु रहा राम का , जो न थका , जो नहीं जानता दैन्य , नहीं जानता विनय |" काव्यांश में राम की किस विशेषता की ओर संकेत किया गया है -**

1) दृढ़ निश्चय

2) समर्पण

3) राम की कर्मशीलता

4) निरन्तरता

---

Ques # :118

**"राम की शक्ति पूजा" कविता की प्रारंभिक पंक्ति है -**

1) "प्रशमित है वातावरण निमित मुखासंध कमल |"

2) "रघुनायक आगे अवनी पर नवनीत चरण |"

3) "उतरा ज्यों दुर्गम पर्वत पर नैशान्धकार |"

4) "रवि हुआ अस्त ; ज्योति के पत्र पर लिखा अमर |"

---

Ques # :119

**"धिक जीवन को , जो पाता ही आया विरोध" राम का यह कथन किसके जीवन की त्रासदी है -**

1) राम के

2) भरत के

3) निराला के

4) विभीषण के

---

Ques # :120

**"गोदान" का गोबर किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है ?**

1) सामंतशाही को चुपचाप सहन करने वाले वर्ग का

2) रूढ़ि विरोधी नई पीढ़ी के किसान - युवक का

3) रूढ़िवादी परम्परा को मानने वाले वर्ग का

4) समाज सेवा करने वाले वर्ग का

---

TEACHERS adda247

Ques # :121

**"गोदान" का कौनसा पात्र प्रेमचन्द के प्रगतिशील विचारों का वाहक माना जाता है ?**

1) होरी

2) मिस्टर खन्ना

3) प्रोफेसर मेहता

4) ओंकार नाथ

---

Ques # :122

**डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा विरचित निम्नांकित कृतियों में से कौन सी कृति उपन्यास विधा से सम्बद्ध नहीं है ?**

1) चारुचन्द्रलेख

2) बाणभट्ट की आत्मकथा

3) अनामदास का पोथा

4) कुटज

---

Ques # :123

**"बाणभट्ट की आत्मकथा" सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुई ?**

1) विशाल भारत

2) हंस

3) रूपाभ

4) हिन्दी नवजीवन

Ques # :124

**"स्त्री की सफलता पुरुष को बाँधने में है , किन्तु सार्थकता पुरुष की मुक्ति में है |" "बाणभट्ट की आत्मकथा" में यह कथन किसका है ?**

1) भट्टिनी

2) निपुणिका

3) महामाया भैरवी

4) सुचरिता

Ques # :125

**"बाणभट्ट की आत्मकथा" है - एक -**

1) प्रेम कथा

2) संघर्ष कथा

3) मनोविज्ञान कथा

4) जीवन मूल्यों पर आधारित उदात्त प्रेम कथा

Ques # :126

**"आधे अधूरे" नाटक के मूल कथानक में है -**

1) पारिवारिक विपन्नता

2) प्रेम सम्बन्ध

3) पारिवारिक विघटन , दाम्पत्य सम्बन्धों में कटुता व रिक्तता

4) सामाजिक जीवन में आक्रोश एवं हिंसा

TEACHERS adda 247

Ques # :127

**"आधे अधूरे" नाटक में पुरुष - एक कौन हैं ?**

1) महेन्द्रनाथ

2) जुनेजा

3) सिंघानिया

4) जगमोहन

Ques # :128

**निम्नलिखित में से मोहन राकेश का नाटक नहीं है ?**

1) लहरों के राजहंस

2) आषाढ़ का एक दिन

3) आधे अधूरे

4) अंधायुग

Ques # :129

**शुक्लजी के अनुसार दु:ख के वर्ग में जो स्थान भय का है , वही स्थान आनन्द वर्ग में है -**

1) उत्साह का

2) प्रेम का

3) साहस का

4) भक्ति का

---

Ques # :130

**आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार श्रद्धा के प्रकार हैं -**

1) प्रतिभा , शील और साधन

2) प्रेम , दृढ़ता और साधन

3) सौन्दर्य , अनुभव और शील

4) प्रतिभा , प्रेम और साहस

---

Ques # :131

**निम्नलिखित में से किस कहानी का पात्र सुमेलित नहीं है -**

1) उसने कहा था - लहना सिंह

2) कफ़न - बुधिया

3) रोज - मालती

4) परिन्दे - महेश्वर

TEACHERS adda 247

---

Ques # :132

**"मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है | जन्म भर की घटनाएं एक - एक करके सामने आती हैं | सारे दृश्यों के रंग साफ़ होते हैं | समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है |" उपर्युक्त गद्यांश किस कहानी से उद्धृत है -**

1) उसने कहा था

2) कफ़न

3) रोज़

4) ममता

---

Ques # :133

**अज्ञेय की "रोज़" कहानी किस अन्य नाम से जानी जाती है ?**

1) पत्नी

2) शरणदाता

3) गैंग्रीन

4) कविप्रिया

Ques # :134

**"अगर दोनों साधु होते तो उन्हें सन्तोष और धैर्य के लिए संयम और नियम की बिल्कुल जरूरत न होती | यह तो इनकी प्रकृति थी , विचित्र जीवन था इनका !" उपर्युक्त कथन किस कहानी से उद्धृत है -**

1) ममता

2) कफ़न

3) रोज़

4) परिन्दे

Ques # :135

**"परिन्दे" कहानी से नयी कहानी की शुरूआत मानने वाले समीक्षक हैं -**

1) राजेन्द्र यादव

2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

3) नामवर सिंह

4) डॉ. नगेन्द्र

Ques # :136

**"दूर से दबी-दबी सी सुनाई देने वाली गड़गड़ाहट पास जाने पर कर्णभेदी घोष में बदल गई | यहाँ का ताण्डव देखते ही बनता है | चट्टानों पर मानो हजारों मूसल बरस रहे हैं |" उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कृति से उद्धृत हैं ?**

1) अतीत के चलचित्र

2) लद्दाख की यात्रा

3) स्मृति की रेखाएँ

4) सौन्दर्य की नदी नर्मदा

Ques # :137

**"सौन्दर्य की नदी नर्मदा" यात्रा वृत्तान्त का अंतिम पड़ाव है -**

1) मीठीतलाई से कोलीयाद

2) कबीरबड़ से विमलेश्वर

3) कोलीयाद से भरूच

4) केली से शूलपाणेश्वर

Ques # :138

**"विक्रम की सातवीं शताब्दी से ग्यारहवीं तक अपभ्रंश की प्रधानता रही और फिर वह पुरानी हिन्दी में परिणत हो गई |" यह कथन किस विद्वान का है ?**

1) सुनीति कुमार चटर्जी

2) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

3) ग्रियर्सन

4) धीरेन्द्र वर्मा

TEACHERS adda 247

Ques # :139

**स्थापना (A) : देवनागरी लिपि में जैसा बोला जाता है , वैसा ही लिखा जाता है | तर्क (R ) : क्योंकि इसमें प्रत्येक उच्चरित वर्ण (ध्वनि) के लिए निश्चित लिपि-चिह्न हैं और कोई भी वर्ण अनुच्चरित (silent) नहीं है |**

1) A गलत , R सही

2) A और R दोनों सही

3) A सही , R गलत

4) A और R दोनों गलत

Ques # :140

**इनमें से कौनसा संधि - शब्द सही है ?**

1) ग्रीष्म + ऋतु = ग्रीष्मर्तु

2) सत् + नारी = सद्नारी

3) एक + एक = एकेक

4) पितृ + उपदेश = पित्रोपदेश

Ques # :141

**किस विकल्प में "द्वंद्व" समास नहीं है ?**

1) रातदिन

2) हानिलाभ

3) मातापिता

4) परमपिता

Ques # :142

**व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द कौनसा है ?**

1) केकई

2) केकयी

3) कैकेई

4) कैकेयी

Ques # :143

**मम्मट ने इनमें से किस तत्त्व को काव्य का प्रयोजन नहीं माना है ?**

1) अमंगल का नाश

2) मित्रसम्मित उपदेश

3) यश-प्राप्ति

4) व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति

Ques # :144

**इनमें "ध्वनि सिद्धांत" से संबंधित कौनसा कथन सही नहीं है ?**

1) ध्वनि के दो भेद होते हैं - (1) लक्षणा मूला (2) व्यंजनामूला |

2) लक्षणामूला को "अविवक्षित वाच्य ध्वनि" भी कहते हैं |

3) लक्षणामूला ध्वनि के दो भेद माने गये हैं |

4) "अत्यंत तिरस्कृत वाच्यध्वनि" भी लक्षणामूला का ही एक भेद है |

Ques # :145

**"विनय पत्रिका" के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है ?**

1) इसमें कुल 270 पद हैं |

2) इसमें सर्व प्रथम गणेशजी की वंदना की गई है |

3) यह ब्रजभाषा में लिखी गई है |

4) इसकी गणना आत्मनिवेदनपरक गीति काव्य में की जाती है |

Ques # :146

**इनमें संत कबीर से सम्बंधित कौनसा कथन सही नहीं है ?**

1) वे निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे |

2) सत्संग और नाम - स्मरण पर वे बहुत बल देते थे |

3) वे माया को ईश्वर भक्ति में बाधक मानते थे |

4) विभिन्न तीर्थों के प्रति उनके मन में श्रद्धा थी |

TEACHERS adda 247

Ques # :147

**"नागमती वियोग खण्ड" से संबंधित कौनसा कथन सही नहीं है ?**

1) जायसी ने "बारहमासा के रूप में" नागमती के वियोग का मार्मिक चित्रण किया है |

2) यह वियोग प्रवासजन्य विरह के अंतर्गत आता है |

3) यह वियोग चैत्र मास से प्रारम्भ होता है |

4) इस खण्ड में पक्षियों के माध्यम से सन्देश भेजने का उल्लेख भी जायसी ने किया है |

Ques # :148

**"एक दिन सहसा सिन्धु अपार , लगा टकराने नगतल क्षुब्ध | अकेला यह जीवन निरुपाय , आज तक घूम रहा विश्रब्ध ||" कामायनी से उद्धृत इन पंक्तियों के लिए कौनसा कथन सही है ?**

1) चिंता सर्ग , मनु का आत्म कथन

2) श्रद्धा सर्ग , मनु का आत्म परिचय

3) लज्जा सर्ग , श्रद्धा का कथन

4) श्रद्धा सर्ग , मनु को श्रद्धा का प्रत्युत्तर

Ques # :149

**"आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर |" "राम की शक्तिपूजा" में यह कथन किसका है ?**

1) विभीषण का

2) हनुमान का

3) जाम्बवान का

4) लक्ष्मण का

---

Ques # :150

**"आधे अधूरे" नाटक के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है ?**

1) यह एक मध्यमवर्गीय परिवार से सम्बंधित नाटक है |

2) यह जीवन के बृहत्तर और महत्त्वपूर्ण आयाम से नहीं जुड़ पाता |

3) इसमें पति का नाम महेन्द्र और पत्नी का नाम सावित्री है |

4) परिवार में पति-पत्नी के अलावा दो लड़के और एक लड़की है |

---

TEACHERS adda247